# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–24 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज नई दिल्ली में गगनयान यात्रियों के लिये आयोजित एक सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत केवल उपग्रह अंतरिक्ष में नहीं भेज रहा, बल्कि भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में पूरी दुनिया को अपनी ताकत दिखाई है।

**चंद्रयान से लेकर मंगलयान तक हमने यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद इच्छा शक्ति यदि असीमित हो लक्ष्य हमारे सामने स्वाभाविक रूप से छोटा पड़ जाता है। भारत का विजन स्पष्ट है। भारत इस देश को केवल रिसर्च के क्षेत्र के रूप में नहीं देखा है, बल्कि हम इसे आने वाले कल की इकोनॉमी, सिक्योरिटी, एनर्जी और ह्यूमेनिटी के फ्यूचर के रूप में भी देखते हैं।**

इस अवसर पर रक्षामंत्री ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप को सम्मानित किया। अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के कल अपने घर लखनऊ आगमन पर स्वागत की विशेष तैयारियां की जा रही है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर गोरखपुर के पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि सिख गुरुओं ने सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी वीरता, त्याग और बलिदान देश की आत्मा में आज भी जीवित है।

**याद करना इतिहास में वही जाती और कोम जीवित रही है, जो अपने पूर्वजों पर उनके शौर्य को उनके पराक्रम को उनके योगदान को स्मरण करके उसे अपने जीवन का हिस्सा बनती है। सिखों के समृद्धि और उनके प्रगति के पीछे भी गुरु परंपरा के प्रति उनकी आघात निष्ठा है, गुरु नानक देव जी से लेकर के गुरु गोविंद सिंह जी महाराज तक एक ऐसी अनुपम और अटूट परंपरा जिसने भारत और भारतीयता के लिए सनातन धर्म के लिए बार–बार अपनी शहादत दी। जब भी आवश्यकता पड़ी जब भी सनातन पर कोई संकट आया सिख गुरुओं ने आगे आकर के अपना सर्वस्व बलिदान करने में कोई संकोच नहीं किया।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अपने गोरखपुर प्रवास के दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश के कोने कोने से आए लगभग 200 लोगों की समस्याओं को सुना और उसके समुचित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता और संवेदनशीलता से किया जाए। जनता की हर समस्या को दूर करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**********

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी आज महाराजगंज में भाजपा के जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और नौजवानों की सरकार है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं इसका सबसे बड़ा प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विकास को गांव–गांव तक पहुंचाने का काम किया है, जबकि विपक्षी दल सिर्फ झूठे वादों और जातिवाद की राजनीति तक सीमित रहे हैं।

**********

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पंकज धामी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के माननीय सदस्य, राजसदन अयोध्या के मुखिया विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से दोनों मुख्यमंत्रियों ने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए, ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है।

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने की वजह से आम लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अगले चौबीस घंटे के भीतर गरज चमक के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है। मिर्जापुर में पिछले 15 घंटे से लगातार हो रही तेज बारिश के चलते अहरौरा, जरगो, डोगिया, देकवा और लोअर खजुरी बांध ओवरफ्लो कर रहे हैं। सभी बांधों के 30 गेट खोलकर करीब 12 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे गड़ई सहित अन्य नदियां उफान पर हैं। उधर, चंदौली में बाढ़ और बारिश की वजह से चन्द्रप्रभा और गड़ई नदी उफान पर है। जिसकी वजह से पं दीन दयाल उपाध्याय नगर तहसील और सदर तहसील की नदी के आसपास के गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा रहा है।

**********

वाराणसी जिले में बाढ़ के बाद गंगा घाटों की सूरत बदलने के लिए आज नमामि और नगर निगम के कर्मचारियों ने सिंधिया घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगा की निर्मलता के लिए योगदान करना हम सभी का राष्ट्रीय और नैतिक दायित्व है।

**********